राजस्थान–सरकार
शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग

क्रमांक : पं. 24(19)/शिक्षा–6/2018/लूज   जयपुर, दिनांक : 27.09.2019

निदेशक,
माध्यमिक/प्रारम्भिक/संस्कृत शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर/जयपुर।

राज्य परियोजना निदेशक,
समसा, राजस्थान, जयपुर।

विषय :–राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर दिनांक 02 अक्टूबर, 2019 से 04 अक्टूबर, 2019 तक आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के क्रम में दिनांक 02 अक्टूबर, 2019 को समस्त विद्यालय खोले जाने के संबंध में।

सन्दर्भ :– अतिरिक्त मुख्य सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की अशासकीय टीप क्रमांक पं. 28(4)क.स./2019 पार्ट जयपुर, दिनांक 20 सितम्बर, 2019.

महोदय,

विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के अनुसार (फोटो प्रति संलग्न) माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 18 सितम्बर, 2019 को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में लिये गये निर्णयानुसार दिनांक 02 अक्टूबर, 2019 को ''गांधी जयन्ती'' के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा घोषित राजपत्रित अवकाश के दिन समस्त विद्यालयों को खोलते हुए गांधी जी पर 3 घण्टे के कार्यक्रम एवं गतिविधियों को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त क्रम में निर्देशानुसार निवेदन है कि दिनांक 02 अक्टूबर, 2019 को ''गांधी जयन्ती'' के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा घोषित राजपत्रित अवकाश के दिन समस्त विद्यालयों को खोलते हुए इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 19.09.2019 (फोटो प्रति संलग्न) में वर्णित कार्यक्रम/गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित कर अवगत कराने का श्रम करावें।

भवदीय,

संलग्न : उपरोक्तानुसार

(हरजी लाल अटल)
शासन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, मुख्यसचिव, राजस्थान, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
3. विशिष्ठ सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदय(स्वतंत्र प्रभार),राज.,जयपुर।
4. निजी सचिव,माननीय संस्कृत शिक्षा राज्यमंत्री महोदय(स्वतंत्र प्रभार)राज.,जयपुर।
5. विशिष्ट शासन सचिव, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
6. संयुक्त शासन सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, शासन सचिवालय,राज.जयपुर।

शासन संयुक्त सचिव

www.Rajegyan.in